## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–25.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर समेत देश के 8 राज्यों की 58 लोकसभा सीटों के लिए सवेरे 7 बजे से मतदान शुरू, राज्यपाल ने रांची के एटीआई मतदान केन्द्र में किया मतदान।
- राज्य में आज हो रहे चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सभी बूथों पर जवान तैनात, संबंधित जिलों की सीमाएं सील, वेबकास्टिंग से बूथों की गतिविधियों पर रखी जा रही नजर ।
- झारखंड में छठे चरण में 12 महिला और 1 ट्रांसजेंडर समेत 93 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला आज, तीन वर्तमान सांसदों और तीन विधायकों की भी प्रतिष्ठा दांव पर।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज तेज हवा के साथ हो सकती है बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान।
- झारखंड की अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज़ दीपिका कुमारी ने वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में बनाई जगह, ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी फाइनल में।

**********************

छठे चरण में राज्य के गिरिडीह, धनबाद रांची और जमशेदपुर समेत देश के आठ राज्यों के 58 लोकसभा सीटों के लिए आज सवेरे सात बजे से वोट डालने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सभी मतदान केंद्रों में शाम पांच बजे तक उपस्थित रहने वाले सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित पहचान पत्र के आधार पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं । राज्य में इन चार सीटों में व्यवस्थित और सुचारू तरीके से मतदान कराने के लिए 35 हज़ार 8 सौ बावन मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, 21 हज़ार 5 सौ 11 बैलट यूनिट, 10 हज़ार 7 सौ छप्पन कंट्रोल यूनिट तथा 11 हज़ार 6 सौ 52 वीवी पैट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**********************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज सवेरे सात बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होने के साथ रांची के एटीआई स्थित मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस मौके पर उन्होंने सेल्फी प्वाइन्ट पर अपनी तस्वीर भी ली। उन्होंने मतदाताओं से आज हो रहे मतदान में बढ़ चढ़ कर वोटिंग करने की अपील की।

**********************

राज्य में आज चार सीटों के लिए हो रहे चुनाव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सभी संवेदनशील बूथों पर अर्द्धसैनिक बलों के जवान के साथ सामान्य बूथों पर पुलिस बल तैनात हैं। इसके साथ सभी मतदान केंद्रों में कैमरे लगाए गए हैं, ताकि मुख्यालय और जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम से मतदान केंद्रों की पल– पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। श्री कुमार ने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं को वोट डालने के लिए ज्यादा समय का इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान की गति की भी निगरानी की जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे परिवार संग चुनाव पर्व में पूरे उत्साह के साथ शामिल हों और पड़ोसियों तथा परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**********************

राज्य के चार लोक सभा सीटों के लिए आज हो रहे मतदान को लेकर 8 हजार 9 सौ 63 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां बिरासी लाख 16 हज़ार 5 सौ 6 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसमें गिरिडीह सीट के लिए 16 लाख सैंतालीस हज़ार 7 सौ 15, धनबाद के लिए 20 लाख अडसठ हज़ार 2 सौ 33, रांची संददीय सीट के लिए 19 लाख, 10 हज़ार 9 सौ 55 और जमशेदपुर सीट के लिए 17 लाख 1 हज़ार तीन सौ बियालीस मतदाता वोट करेंगे।

इन सभी सीटों के लिए 42 लाख 06 हज़ार 5 सौ 26 पुरुष, 40 लाख 09 हज़ार 3 सौ 90 महिला, 93 हज़ार 3 सौ 55 दिव्यांग, दो सौ नब्बे थर्ड जेंडर, पचासी वर्ष से अधिक उम्र के 36 हज़ार 3 सौ 24 तथा 7 सौ 66 मतदाता 100 साल से अधिक उम्र के हैं। वहीं कुल मतदान केंद्रों में 3 हज़ार 3 सौ 61 शहरों और 5 हज़ार 6 सौ 2 ग्रामीण इलाकों में हैं।

*********************

राज्य में चार लोकसभा सीटों के लिए आज हो रहे चुनाव में 12 महिला और 1 ट्रांसजेंडर समेत 93 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में लॉक हो जाएगी। इनमें तीन वर्तमान सांसदों और तीन विधायकों की भी प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें गिरीडीह सीट से तीन महिला समेत सोलह प्रत्याशी, धनबाद सीट से तीन महिला और एक ट्रांसजेंडर समेत 25 प्रत्याशी, रांची सीट से 4 महिला समेत 27 प्रत्याशी और जमशेदपुर सीट से दो महिला समेत 25 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में गिरिडीह के लिए आजसू और एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी के ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह, रांची सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी के संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय तथा जमशेदपुर से भारतीय जनता पार्टी के विद्युत वरण महतो और झारखंड मुक्ति मोर्चा के समीर मोहंती के बीच मुख्य मुकाबला है।

*********************

दुमका लोकसभा के अंतर्गत जामताड़ा जिले में मतदाता जागरुकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में समाहरणालय समेत सभी प्रखंड कार्यालयों में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों और कर्मचारियों को हर हाल में मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

*********************

लोहरदगा लोकसभा सीट के हुए चुनाव की मतगणना चार जून को होनी है। गुमला जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रुम में काउंटिंग की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मतगणना में शामिल कर्मियों का आई कार्ड बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मतगणना कर्मियों को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

*********************

राज्य के चारों लोकसभा सीटों के लिए मतदान के शुरू हुए एक घंटे से ज्यादा का वक्त हो चुका है। मतदान को लेकर मतदाताओं के आने का सिलसिला जारी है । ऐसे में मतदान के पहले घंटे में मतदान केंद्र पर कैसा माहौल है। इसे जानने के लिए हम सीधे चलते हैं जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के हमारे पूर्वी सिंहभूम संवाददाता के पास और उनसे जानते हैं ताजा हाल–

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**********************

सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र–वार मतदान प्रतिशत अपलोड करने की याचिका पर चुनाव आयोग को निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने चल रही चुनावी प्रक्रिया के बीच हस्तक्षेप रवैया नहीं अपनाने का समर्थन किया। न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और सतीश चन्द्र शर्मा की अवकाश पीठ ने याचिका पर सुनवाई को स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा कि इसकी सुनवाई लोकसभा चुनावों के सम्पन्न होने के बाद की जायेगी।

**********************

झारखंड उच्च न्यायालय के नव निर्मित भवन के उद्घाटन के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर 12 जून को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश, पूर्व न्यायाधीश और अधिवक्ताओं को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। गौरतलब है कि झारखंड उच्च न्यायालय के नवनिर्मित भवन का उदघाटन पिछले वर्ष 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। वहीं यहां न्यायिक कार्यो की शुरूआत 12 जून से हुई थी।

**********************

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर में तीन दिवसीय विद्युत शक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की कल से शुरुआत हुई। इस सम्मेलन में पहले दिन एक सौ पैंतालीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । वही दो सौ रिसर्च पेपर्स में सौ शोध पत्रों का चयन किया गया जिसका प्रकाशन बाद में होगा।

**********************

सरायकेला–खरसांवा के आदित्यपुर आरपीएफ की टीम ने रेलवे स्क्रैप चोर गिरोह का खुलासा किया है। इस टीम ने कांड्रा टोल प्लाजा के समीप छापेमारी कर दो लाख रुपए के रेलवे स्क्रैप के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पूरे मामले की पुलिस छानबीन कर रही है।

**********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस दौरान तेज हवा के साथ कई इलाकों में वज्रपात होने की भी आशंका है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। इस वजह से 28 तारीख तक संताल और कोल्हान समेत कई इलाकों में बारिश हो सकती है।

**********************

झारखंड की अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज़ दीपिका कुमारी ने दक्षिण कोरिया के इचियोन में चल रही विश्व तीरंदाज़ी प्रतियोगिता के दूसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम चार में जगह बना ली है। इससे पहले दीपिका ने कल महिला रिकर्व के क्वार्टर फाइनल में तुर्की की बेर्रा एलिफ गोक्किर पर जीत दर्ज की थी। वहीं भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कंपाउंड मिक्सड टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने कड़े सेमीफाइनल में मेजबान देश दक्षिण कोरिया की जोड़ी को हराया। इस तरह भारत ने टूर्नामेंट में दूसरा पदक पक्का कर लिया है। इससे पहले बुधवार को ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी की कंपाउंड महिला टीम ने फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का किया था।

**********************

इंडियन प्रीमियर लीग – आई.पी.एल. क्रिकेट में, कल रात चेन्नई के एम.ए. चिदम्बरम स्टेडियम में, दूसरे क्वालीफायर मैच में, सनराइजर्स हैदराबाद ने, राजस्थान रॉयल्स को छत्तीस रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, राजस्थान रॉयल्स निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर एक सौ उनचालीस रन ही बना सकी। रविवार को चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबले कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

**********************

झारखंड में आज चार लोकसभा सीट के लिए हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

**********************

- रांची सिविल कोर्ट में डालसा की ओर से कल आयोजित मासिक लोक अदालत में तीस मामलों का निपटारा किया गया।
- झारखंड चैंबर की ओर से जून महीने में साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। चैम्बर की आईटी उप समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।
- रांची जिला के तुपुदाना थाना क्षेत्र से पुलिस ने 15 लाख रुपए रंगदारी मांगे जाने के मामले में दो अपराधियों को कल गिरफ्तार कर लिया।
- गिरिडीह जिले के सरिया –बगोदर वन प्रक्षेत्र के अधिकारियों ने अवैध लकड़ी लदे पांच ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया ।
- राजधानी रांची में चल रहे रांची हॉकी लीग में कल महिला वर्ग में सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, बरियातू ,रांची में साई, रांची को पराजित किया। जबकि, सीनी खूंटी और हुलहुन्दू के बीच मैच ड्रा रहा।

**********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकाशं समाचार पत्रों ने छठे चरण में आज राज्य के रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर समेत देशभर के 58 लोकसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है – रांची समेत चार सीटों पर सुबह सात बजे से वोटिंग, आज हमारी बारी, मिलते हैं बूथ पर।

कल देवघर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोड्डा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की चुनावी रैली को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए हिन्दुस्तान ने – संताल को साधने उतरे सूरमा, शीर्षक से खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर 186 बूथों पर महिलाएं तैनात, 22 की व्यवस्था युवा संभालेंगे।

दैनिक जागरण ने ईडी की कार्रवाई को प्रमुखता से लेते हुए लिखा है – ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे आईएएस मनीष रंजन, मांगा समय।

रांची एक्सप्रेस और राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है – झारखंड में चार सीटों के लिए मतदान आज।

द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और सेल बोकारो को जारी चेतावनी की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

**********************